राज
कॉमिक्स
विशेषांक
मूल्य 30.00 संख्या 2275
स्पाइडर
मकड़जाल
Part-1
Anupam
A. Malsuni
सुपरकमांडो ध्रुव

ध्यान से देख ले ध्रुव! ये मेरे बाराती हैं जो मेरी दुल्हन को लेने आए हैं!
अब दुल्हन बनेगी श्वेता और दूल्हा बनेगा...
स्पाइडर
संजय गुप्ता की पेशकश
कथा जॉली सिन्हा
चित्र अनुपम सिन्हा
पेंसिल फिनिशिंग अभिषेक मलसूनी
इंकिंग सुधांशु पाण्डेय
रंग व सुलेख सुनील पाण्डेय
कलर इफैक्ट्स नगेन्द्र, शशांक, विश्वजया
ग्राफिक्स शोएब अन्सारी
संपादक मनीष गुप्ता

मैंने तो कभी सोचा ही नहीं कि मेरी बेटी विदा होने से पहले भी कभी हमसे दूर जाएगी! (सुबुक)
ओ मम्मी, मैं पढ़ने के लिए कैम्ब्रिज जा रही हूं! और वह यहां से सिर्फ आठ घंटे की दूरी पर है! फिर मैं साल में कम से कम दस बार तो यहां आऊंगी ही!
फिर नैट पर 'वीडियो चैट' के जरिए तुम जब चाहे इसे देख सकोगी और बात भी कर सकोगी, रजनी!
करैक्ट पापा! और इस बंदरिया के जाने से घर में शांति भी तो हो जाएगी मम्मी! वह भी पूरे तीन सालों तक!
मुझे घर में शांति नहीं चाहिए! इसकी शरारतें चाहिए! (सुबुक)
मम्मी, मम्मी! ये ओल्ड फैशन माताओं की तरह रो मत!
माडर्न बनो!
अब मुस्कुरा कर मुझे बाय करो!
चल ठीक है! पर तू खाने-पीने का ध्यान रखना!
अब चलो! तुम्हें प्लेन से जाना है, बस से नहीं जो दौड़कर पकड़ लोगी!

अपना ध्यान रखना!
एक मिनट कार रोको, भइया!
कुछ भूल गई क्या?
हां!
पासपोर्ट, टिकट, क्रेडिट कार्ड?
नहीं! ये, बहूहूहू!
मुझे मम्मी की याद आ रही है!
अरे! अब तू ओल्ड फैशन क्यों बन रही है! मम्मी को बहुत समझा रही थी!
वो इसलिए ताकि मम्मी चुप हो जाएं! अब चुप रहो! मुझे शांति से रोने दो!
रो ले, पर कार भी चलाने दे! वर्ना प्लेन छूट जाएगा!
CIVIL LINES
GOMTI KHAND
SIMONS

CHE
लास्ट कॉल फॉर पैसेंजर ऑफ फ्लाइट ५०5 टू हीथ्रो! यू आर रिक्वेस्टेड टू प्रोसीड टू गेट ९ !
देखा! लेट करा दिया न!
अरे कार रोककर रो तू रही थी, या मैं ?
अब तुम जल्दी से सामान बुक करो!
मैं इमीग्रेशन की फॉर्मेलिटी पूरी करती हूं!
CHECK
ले! हो गया!
बाय, भइया!
बेस्ट ऑफ लक श्वेता!
भइया की हिम्मत तो देखो!
मैं जा रही हूं और ये हंस रहा है!
सॉरी! तुमसे लिपटकर रोने का मन तो है, पर टाइम नहीं है!
चलो! फ्लाइट तो जैसे तैसे पकड़ ही ली!
अब आठ घंटे की करारी नींद ली जाए!
बस बगल की सीट पर कोई बोर न आ जाए!

आऽऽऽऽ गुड नाइट श्वेता!
गूंऽऽऽऽ खर्ररर्र!
आप लंदन जा रही हैं?
नहीं! रास्ते में पैराशूट लेकर कूद जाऊंगी!
ये कौन बोर आ गया?
तुम!
अब तो सच में कूदना पड़ेगा!
पर तुम यहां कैसे?
INDIAN AIRLINES
टिकट है मेरे पास! एक महीना पहले ले लिया था!
यानी तुमको पता था कि तुम मेरे साथ जा रहे हो! पर मुझको नहीं पता था कि मैं तुम्हारे साथ जा रही हूं!
तू पूछती तो बता देता!
तुम मेरे साथ मुझ पर नजर रखने जा रहे हो न?
अरे नहीं!
कि मैं कैसे रहती हूं, किसके साथ घूमती हूं, क्या-क्या करती हूं!
अरे हां!

मैं अकेले पराए मुल्क जा रही हूं और तुम मेरे साथ नहीं जा रहे हो? हाऊ कैन यू! तुम तो मेरे भाई हो न?

हूं तो! पर तुझे पसंद नहीं कि मैं...

मैं मना करूंगी तो तुम मेरा ध्यान नहीं रखोगे? मुझे बीच रास्ते में छोड़कर दादाजी के पास जाओगे!

"... यहां पर अधिकतर पढ़ने वाले रहते हैं-"
" इसीलिए इंग्लैड का ये क्रैम्ब्रिज शहर शांतिप्रिय लोगों से भरा हुआ है-"
" पर शांत जगह के फायदे भी हैं और नुकसान भी-"
" फायदा ये कि कोई किसी को जल्दी नुकसान नहीं पहुंचाता-"
" और नुकसान ये-"
हाए जूलिया! हिच्च!
" कि अगर कोई किसी को नुकसान पहुंचाए तो कोई बीच में नहीं बोलता-"
इतनी जल्दी हॉस्टल जा रही हो? अरे कभी हम जैसे डैशिंग क्लासमेट्स के साथ भी एक ड्रिंक्स ले लिया करो!
ऐ रोनिन! गो... गेट लॉस्ट! मुझे कल रिपोर्ट सब्मिट करनी है!
24
RUGBY

हम चारों तुम्हारी मदद करेंगे न! रिपोर्ट बनवाने में!
पर उसके लिए पहले तुम्हें हमारे साथ चलना होगा!
राउडी बार में!
फिट्ज, रोनिन! मेरा रास्ता छोड़ दो! वर्ना...
वर्ना?
वर्ना मैं चिल्लाऊंगी!
गो एहेड, हनी! चिल्लाओ! कसके!
तुमने शायद वो पुरानी कहावत नहीं सुनी! कैम्ब्रिज में सिर्फ बहरे और गूंगे रहते हैं!
हेल्प!
सम बडी हेल्प मी!
लेडी ने कहा उसे छोड़ दो तो छोड़ दो!
लेट हर गो!
ओए तू कौन है, पिद्दी पहलवान? हमको पहचानता नहीं क्या? हम रग्बी टीम के स्टार प्लेयर्स हैं! एक टक्कर में पत्थर की भी चटनी बना देते हैं!
पर तू कौन है जो हमसे टकराने चला आया!
सुपर मैन? बैट मैन, स्पाइडर मैन...
CLOSED

कॉमनमैन! मैं कॉमनमैन हूं! इस ब्रह्मांड की सबसे बड़ी शक्ति!
जिससे तुम तो क्या सुपर डुपर मैन और बैट शैट मैन भी टकराने की जुर्रत नहीं कर सकते!
इसीलिए जूलिया को छोड़ दो!
ओ, कॉमनमैन! तुम कितने बहादुर और हैंडसम हो!
हैंडसम! अगर इसे नहीं छोड़ा तो तू क्या कर लेगा, हैंडसम कॉमनमैन? क्या ताकत है तेरे पास?
वही जो कॉमनमैन के पास होती है!
पब्लिक पॉवर!
ओ! अनगिनत हाथ!

और अनगिनत आंखें!
अनगिनत पैर भी होते हैं! क्योंकि 'कॉमन मैन' के पास पब्लिक की पॉवर है!
भागो!
वो विलेन भाग रहा है, हैंडसम कॉमन मैन!
भागेगा कहां? वह जहां जाएगा वहां पर उसको सामने खड़ा मिलेगा कॉमन मैन!
थैंक्स कॉमन मैन! आई लव यू!
थैंक्स!
पर ये तो मेरा फर्ज था!

बच्चा, भूखे को कुछ दे दे!
सॉरी, बाबा! कॉमन मैन के पास न तो पैसे होते हैं और न ही खाना!
ठीक है बच्चा! तो फिर जा!
आऊ SSSS
फटटाक
क्यों रे, डिन? फिर सुबह-सुबह सुपर हीरो बनने के सपने ले रहा था, क्या?
ये जरूर ख्वाबों में हमारी पिटाई कर रहा होगा!
पुअर चैप! जो करना चाहता है वह सपने में ही कर पाता है!
शशश! यार, हम एक ही कॉलेज में पढ़ते हैं!
वी शुड बी फ्रेंड्स विद हिम!

ये तू क्या कह रहा है, फिट्ज! तू कीड़ों से दोस्ती कब से करने लगा!
तुम्हारा टेस्ट गिरता जा रहा है, डार्लिंग!
ओ, कीप शट! हमारे साथ फुटबॉल खेलेगा, डिन?
त... तुम्हारे साथ! ऐसा हो सकता है क्या? मैं क्या बनूंगा? लेफ्ट बैक, सेंटर फारवर्ड, गोलकीपर...या..
...गोल!
वाऊ!
नाइस गोल!
आऊ ऽऽऽऽ
ओ! हिल मत! मेरी शॉट मिस हो गई!

इस बार मत हिलना डिल! वर्ना हम गोल पोस्ट की तरह तेरे हाथ पैर जमीन में गाड़ देंगे!
'गोल-पोस्ट' तो काफी 'इनोवेटिव' है! पर अगर गोल पोस्ट है...
...तो गोलकीपर भी होना चाहिए!
नॉट बैड फॉर ए गर्ल!
और वो भी एक ब्लैक इंडियन गर्ल!
ऐssss मैं तो काफी गोरी हूं! ब्लैक क्यों कह रहा है?
रेसिज्म! रंगभेद! मैं गोरा हूं, पर फिलिपीनो हूं! इसीलिए ये मुझसे भी चिढ़ते हैं! हमेशा 'बुली' करते हैं!
हे sss ब्लैक गर्ल! गिव अस बैक आवर बॉल!
हमारा चाइनीज गोल भी दे दे!
सुनो, सफेदों! अब तुम्हारा गोल इंडियन है! मैं!
अब गोल करके दिखाओ!
बट व्हाट इज ए 'सफेदा'?
चैलेंज! और वो भी एक #6☆ इंडियन से! एक्सेप्टेड! मंजूर है!

रेडी ?
रेडी !
...हेड !
अपने सिर को आखिरी बार महसूस कर ले !
से बाय-बाय टू योअर...
आऊ sss
अबे, हम 'रग्बी प्लेयर्स' के सिर तो बहुत मजबूत होते हैं ! फिर कराह क्यों रहा है ?
ये शॉट मेरे सिर से ज्यादा मजबूत था ! आsss ह ! लगता है किसी ने सर पर बम फोड़ दिया है !
बम तो अब इस लड़की के सिर पर फूटेगा !
दैट वॉज ग्रेट ! मैं डिन हूं !
सेकेंड इयर माइक्रोबायोलॉजी !
और मैं श्वेता ! फर्स्टइयर इलेक्ट्रोकेमिकल ! अभी-अभी एडमिशन लेकर आई हूं और हॉस्टल जा रही हूं !
कम विद मी ! मैं तुमको हॉस्टल ले चलता हूं !
नहीं थैंक्स ! मेरे साथ...
हेई #6☆ इंडियन गर्ल ! नाऊ वी नीड अ न्यू गोल पोस्ट !
यू !
ओ. के. ! कम एंड ट्राई !

एक मिनट! एक मिनट!
ये खेल आप लोग फिर कभी खेल लीजिएगा! अभी हमको कहीं और जाना है! वैसे भी हम यहां पर नए हैं! आपके रीति रिवाजों से परिचित नहीं हैं!
इसीलिए अगर कोई गलती हो गई हो तो माफ कर दीजिएगा!
लुक एट दैट ड्रैस!
तुम सर्कस से आया है क्या, @☆# इंडियन?
आपने एकदम ठीक पहचाना! कमाल की नजर है आपकी!
ओ. के.! हम चलते हैं!
ओ. खे.! लेट्स शेक हैंड्स!
दिस इज हैंड...
...एंड दिस इज ए शेक!
लेकिन क्यों? मैंने माफी तो मांग ली थी!
हम रगबी प्लेयर हैं! फुटबाल तो हम शौकिया खेल रहे थे!
और रगबी में माफी नहीं चलती!
चलती है तो सिर्फ हार या जीत!
नो ड्रॉ!
हमको रगबी में हरा दो! फिर जहां जाना है जाओ!
लेकिन मुझे 'रगबी' के रूल्स नहीं पता!
सिम्पल हैं, जोकर! ये बॉल लो और दौड़कर उस पोस्ट के नीचे रख दो!

ओ. के.! ये तो सिम्पल है!
ये क्या कर रहे हो मिस्टर! ये रग्बी है! तुम्हारी हड्डियां तोड़ने का प्लान बना रहे हैं ये!
ये टीम रग्बी काउंटी चैम्पियन शिप जीत चुकी है! और हर मैच में इनकी ऑपोजिट टीम के कम से कम तीन प्लेयर, स्ट्रेचर पर मैदान से वापस जाते थे!
खेलना तो पड़ेगा डिन! वर्ना हम हॉस्टल तक कैसे जाएंगे!
मैं झगड़ा करना नहीं चाहता!
वैसे भी कहते हैं खेल झगड़े सुलझाने का सबसे अच्छा रास्ता होता है!
एज यू विश! मैं एम्बुलेंस को बुलाकर रखता हूं!
लेट्स प्ले!
इतनी जल्दी नहीं जोकर! पहले हमको टीम बनानी होगी!
रॉक, थोर, हल्क, कामेट... आ जाओ!
वी आर हैविंग ए मैच!
नाऊ लेट्स प्ले!
लेकिन मेरी तो कोई टीम ही नहीं है!
तो तुम अपनी टीम बना लो!
कैसे?
मैं तो यहां किसी को जानता ही नहीं!
दैट्स योर प्रॉब्लम!
ओ. के.! चलो खेल शुरू करें!
कहानी 19 पेज से जारी
16

आऊऽऽऽ
उसे वापस बुला लो!
देखते जाओ! ऐसा गेम तुमने आज तक नहीं देखा होगा!
कमाल है! इसका साथी पिट रहा है और ये एकदम रिलैक्सड है!
एक मिनट! एक मिनट!
मुझे आपके रूल्स समझने में थोड़ा वक्त लग गया!
पर अब मुझे आपके बनाए सारे रूल्स समझ में आ गए हैं!
सो नाऊ लेट्स प्ले एगेन!

इसने
ये कैसे?
वाऊ!
ये है कौन?
मेरा भाई!
फाईटर
है?
अभी
मुझसे सीख
रहा है!

ओ, कम ऑन! ये करता क्या है?
रात को घूमता है! अपने आपको सुपर हीरो समझता है!
सुपर हीरो! इंडियन सुपर हीरो! नाम क्या है इसका?
सुपर कमांडो ध्रुव!
वो... वो इंडियन सुपर हीरो! मैंने इसके सारे कारनामे नेट न्यूज में पढ़े हैं! ये तो सुपर... नहीं नहीं... सुपर डुपर हीरो है!
ए भाई लोगों! तुम गलत आदमी से भिड़ गए! ये तो...
"... सुपर कमांडो ध्रुव है-"
गोल!
पांच मिनट पहले नहीं बता सकता था!

रग्बी अच्छा गेम होता है! सारी थकान दूर हो गई!
ऐ ध्रुव ध्रुव ध्रुव!
हां, डिन डिन डिन!
ओनली डिन!
आइ एम ग्रेट फैन ऑफ योर्स!
और मेरी बचपन से एक ही इच्छा है!
सुपर हीरो बनकर गुंडों को मारने की!
तो बन जाओ न!
कैसे बनूं? सुपर हीरो बनने की क्वालिफिकेशंस मेरे अंदर है ही नहीं!
क्वालिफिकेशंस?
हां! देखो न! न तो किसी विलेन ने बचपन में मेरे मां-बाप को मारा...
... न ही किस्मत ने मुझे किसी केमिकल के ड्रम में गिराया! अरे, रेडिएशन तक नहीं मिला जो मुझे म्यूटेंट्स की पॉवर दे देता!
मुझे ट्रेनिंग दोगे!
पढ़ाई पर ध्यान दो, डिन! ये फालतू ख्याल दिमाग से निकाल दो!
GIRLS HOS
तुम गलत समझ रहे हो डिन! अगर सुपर हीरो इन कारणों से बना जाता तो दुनिया में अब तक हजारों सुपर हीरो होते!
सुपर हीरो तो एक जज्बा है, एक हिम्मत है एक विश्वास है! तुम बिना लड़े हुए भी एक सुपर हीरो बन सकते हो! हमारे देश के गांधी जी एक ऐसे ही सुपर हीरो तो थे!
बिना एक्शन का सुपर हीरो जमता नहीं है!
निकाल दो? कभी नहीं! एक साक्षात् सुपर हीरो देखने के बाद से तो मेरी सुपर हीरो बनने की आग और भड़क चुकी है! अब तो मैं किसी भी तरह से सुपर हीरो बनकर ही रहूंगा!

क्योंकि उसके बाद डिन को कोई 'बुली' करने की हिम्मत नहीं करेगा!
तेरे ही कारण हमारी ये पिटाई हुई है!
अब हम तुझे एम्बुलेंस में अस्पताल में भेजेंगे!
नहीं!
ये मैंने क्या कर डाला! अब तो ये मेरा पीछा तभी छोड़ेंगे जब ये मेरी हड्डी-पसली एक कर देंगे!
गायब हो गया चूहा!
पर भागकर जाएगा कहां? अब हम हर पल उसका पीछा करेंगे और मौका मिलते ही इसकी सुपर धुनाई करेंगे!
हम बदला लेकर रहेंगे!
बदला तो मैं भी लूंगा, गुंडो!
एक फ्यूचर सुपर हीरो को तुम्हारे कारण गटर में छुपना पड़ रहा है!
23

समय बीतते देर नहीं लगी-
आज से तेरी क्लासेज शुरू हो रही हैं श्वेता!
और तू ठीक से सेट भी हो गई है! अब मैं भी फ्रांस में दादाजी को देखने जा रहा हूं!
पर वापसी की फ्लाइट मैं यहीं से पकडूंगा! बस मैं तीन-चार दिनों में वापस आ जाऊंगा!
अब जल्दी जाओ! वर्ना मैं क्लासेज के लिए लेट हो जाऊंगी!
और उससे पहले मुझे रोना भी आ जाएगा!
(सुबुक) संभाल श्वेता, संभाल!
वर्ना पहली ही क्लास में लाल आंखें और लाल नाक लेकर जाना पड़ेगा!
श्वेता!
डिन! तुम यहां!?
यस! तुमको 'बेस्ट ऑफ लक' कहना था!
थैंक्स!
ये तो तुम कॉलेज में भी कह सकते थे!
जब तक मैं सुपर हीरो न बन जाऊं तब तक कॉलेज नहीं आ सकता! यू नो... वो फिट्ज, रोनिन, रॉक, हल्क...
... सब मेरी चटनी खाने के लिए तड़प रहे हैं!
तुम मेरे साथ चलो! मैं देखती हूं कि वो तुमको कैसे परेशान करते हैं!
अरे वो तुम्हारे सीनीयर्स हैं!
उनसे पंगे मत लेना!
वैसे भी मैं नहीं चाहता कि तुम मुझे बचाओ!
मैं चाहता हूं कि मौका आने पर मैं तुमको बचाऊं!
पर क्यों?
बिकॉज... आई लाइक यू! तुम कितनी सुंदर हो, बहादुर हो, स्ट्रॉंग हो...
बस! बस! शुरुआत हो गई! फ्लर्ट करने की!

शुरुआत हो गई!
शुरुआत हो गई!
येSSSS
हे भगवान! मेरी लाइफ की फिल्म में कैरेक्टर जरा देख-समझकर लाया करो!
अब तो सुपर हीरो बनना ही पड़ेगा!
तभी बचेगी मेरी जान और श्वेता बनेगी मेरी जान!
डिन! आज से और अभी से प्रोजेक्ट सुपर हीरो चालू!
अब मुझे हर सुपर हीरो की डीप स्टडी करनी होगी!
और उसके बाद ही मैं ये तय कर पाऊंगा कि मुझे किस टाइप का सुपर हीरो बनना है!
आज मेरा वह 'डाटा बैंक' काम आएगा जिसमें मैंने दुनिया भर के सुपर हीरोज की जानकारी इकट्ठी करके रखी है।
लग जा डिन काम पर! समय कम है और काम ज्यादा!
25

ये नागराज काफी पॉवर फुल है! क्या लिखा है? देव कालजयी के आशीर्वाद से उनके महाविष के साथ पैदा हुआ था नागराज! तब तो मैं नागराज बन ही नहीं सकता!
ये दूसरा हीरो थोड़ा सा और ज्यादा पॉवरफुल लगता है! एक घूंसे से पहाड़ तोड़ देता है! सूर्य में घुसकर अपने सूट को ड्राइक्लीन कर लेता है! वाऊ!... पर ये क्या? ये तो दूसरे ग्रह से आया है! ये भी गया!
ये चमगादड़ जैसा गेटअप! ये अच्छा है! काफी डरावना भी है! इस रूप से रोनित और फिट्ज जरूर डर जाएंगे! साशा की तो पैंट पीली हो जाएगी!
हुम... ये मार्शल आर्ट में माहिर है! ढेर सारे गैजेट हैं इसके पास! दुनिया का सबसे बड़ा डिटेक्टिव... ध्रुव जैसा ही है! नननू! ऐसा सुपर हीरो बनने के लिए दो-चार साल मेहनत करनी पड़ेगी! इतना टाइम नहीं है अपने पास!
अपने को तो कोई फास्ट फूड जैसा आइडिया चाहिए!
ऑर्डर करो और हाजिर...
...जैसे ये!
रेडियोएक्टिव क्षेत्र में रखी गई मकड़ी ने इसको काटा और अगले ही दिन ये बन गया... आहाहाहा! ये ही तो है वह इंस्टेंट तरीका जिसकी मुझे तलाश थी!
और मुझे पता है कि ऐसी मकड़ी मुझे कहां मिलेगी?
बस मुझे कुछ और चाहिए तो रेडियो-एक्टिव मैटीरियल!
और वह मुझे मिलेगा...
26

केमिस्ट्री फैकल्टी की 'रेडिएशन लैब' में-
आऊऽऽऽ
वाऊ! क्या लैब है! अब 'रेडियोएक्टिव मैटीरीयल' को ढूंढ़ना है और ये काम करेगा मेरा 'रेडिएशन मीटर'!
और ये मीटर बता रहा है कि 'रेडियो एक्टिव मैटीरीयल' उस तरफ रखा हुआ है!
मैं परमीशन लेकर आई हूं! मुझे कल अपनी फर्स्ट रिपोर्ट देनी है, भई! इसीलिए मुझे 'गामा फाइंडर' इंस्ट्रूमेंट आज ही चाहिए! अभी!
पर लैब आठ बजे बंद हो जाती है! आइंदा तुम परमीशन लेकर आओगी तो भी घुसने नहीं दूंगा!
CHEMICAL RADIATI
ओ. के. बाबा! मैं नई हूं! मुझे ये सब पता नहीं था!
आइंदा ख्याल रखूंगी। अब जाने भी दो। इस 'एंटी रेडिएशन-सूट' में गर्मी लग रही है!
जाओ! पर जल्दी आना!
ओ. के.!
एंड थैंक्स!
आ जा मेरे 'गामा फाइंडर'! आज तुझे मेरे साथ रात्रि जागरण करना है!

थैंक गॉड कि मेरा काम हो...
अरे! ए.सी. का डक्ट कैसे खुला रह गया है? कहीं कोई चूहा आ गया तो...
नहीं! एक रस्सी लटक रही है! यानी यानी... ये चोरी का प्रयास है!
गार्ड! गार्ड!
अरे, चुप!
ये डायलाग तो सुने-सुने लग रहे हैं! लगता है कि कैम्ब्रिज में हर दूसरा छात्र 'सुपर हीरो सिन्ड्रोम' से ग्रस्त है!
मैं चोर नहीं हूं! मैं एक सुपर हीरो हूं! और ये चोरी नहीं है! एक सुपर प्रयोग का हिस्सा है!
अब चुप रह! और मेरे जाने तक चुप रह! सच्चाई का साथ दे दोस्त!
पर एक बात में मैं तुमसे इत्तफाक रखती हूं!
कि मुझे सच्चाई का साथ देना चाहिए!
गार्ड! गार्ड!
अरे, कहां फंस गया मैं!
ओफ़! इसकी तो मैं अभी कसकर धुलाई कर सकती हूं! पर मैं नहीं चाहती कोई ये जाने कि श्वेता एक फाइटर भी है!

पर मुझे इसको 'रेडियम' ले जाने से रोकना ही होगा। ये गार्ड सुनता क्यों नहीं है !?
गार्ड बेचारा सुनता भी तो कैसे ?
पूरी लैब साउंडप्रूफ जो थी–
अंदर की आवाज बाहर नहीं जा सकती थी–
अब डिन को रोकना श्वेता के हाथ में ही था–
ये मूर्ख इस लैब में बिना रेडिएशन सूट के ही घुस आया है ! मुझे चोरी रोकने के साथ-साथ इसकी जान भी बचानी होगी !
इसीलिए अब दो-चार हाथ तो दिखाने ही पड़ेंगे !
श्वेता का वह वार असरदार तो था–
पर सुपर हीरो बनने की चाह ने डिन के अंदर एक नई ऊर्जा का संचार कर दिया था–
पर–
अरे ! ये तो श्वेता है ! ओ माई गॉड !
मैं इससे नहीं लड़ सकता !
मेरा चश्मा !
अरे ! ये क्या टूटा ?
अब भागना तो छोड़ो देखने के भी लाले पड़ गए हैं !
चटाक
चश्मा उतारकर फेंकना होगा !
वर्ना आंखों में कांच घुस सकता है !

अब तक गार्ड के सब्र का पैमाना भी भर चुका था-
हे गर्ल! व्हाट आर यू डूईंग? जल्दी आओ! मुझे डोर लॉक करना...
हे हे हे! व्हाट इज हेपेनिंग?
क्या हो रहा है?
थैंक गॉड आप आ गए!
ये रेडियम चुराकर भाग रहा था!
वहीं रुक जाओ, मिस्टर! और मॉस्क उतारो! वर्ना ये 'जैपर' पचास हजार वोल्ट का करेंट छोड़ता है!
ओ गॉड! क्या एक सुपर हीरो पैदा होने से पहले ही मर जाएगा!
नहीं! डिन अपने ड्रीम्स को ऐसे खत्म नहीं होने देगा! डिन सुपर हीरो बनेगा!
जरूर बनेगा।
डिन सारा काम अंदाजे से कर रहा था-
उधर कहां कूद रहा है!
अरे! अरे! रेडियम गिर जाएगा!
और मैंने 'एंटी रेडिएशन सूट' भी नहीं पहना है!

आऽऽऽह! मेरी कमर!
कोई नौसिखिया लगता है! कूदना था मुझ पर और कूद गया इस तरफ!
कूद तो मैं तुम पर ही रहा था! बस निशाना जरा सा चूक गया!
अब चलो बड़े घर!
मुझे बड़े घर नहीं...
...अपने घर जाना है!
डिन ने गार्ड का हाथ सही वक्त पर मोड़ा था-
पर गलत दिशा में मोड़ दिया था-
श्वेता!
तूने श्वेता को जैप किया!
अब मैं तुझे झटका दूंगा!

श्वेता, तुम ठीक तो हो...
ओऽऽऽ ह! कुछ और लोग इधर ही आ रहे हैं! शायद क्लोज सर्किट कैमरों से उनको मेरे बारे में पता चल गया है!
अब मुझे यहां से भागना पड़ेगा!
हेऽऽऽ क्या हुआ था यहां पर?
कोई चोर रेडियम चुराकर भागा है!
मैंने... अह... उसको रोकने की पूरी कोशिश की!
पर वह... डक्ट के रास्ते से भाग गया!
पर वह तुम्हारा नाम कैसे जानता था, लड़की?
मुझे क्या पता?
कहीं ये तुम दोनों की मिलीभगत तो नहीं है! तुम्हारा इस टाइम पर आना...
...और उसी वक्त चोर का भी आना...

RADIATION LAB
आप कहना क्या चाहते हैं ?
यही कि आपको कैम्ब्रिज के सिक्योरिटी इंचार्ज के पास चलना होगा ! हमारे साथ! और वह भी अभी!
आपको मुझ पर शक है ?
नहीं! यकीन है कि तुम चोर से मिली हुई हो!
कैम्ब्रिज का मेन सिक्योरिटी स्टेशन–
सर, मेरा नाम मेरी क्लास के सभी स्टूडेंट जानते हैं! उनके कई दूसरे फ्रेंड्स भी मुझसे मिले थे! अब अगर उनमें से कोई चोर है तो इसमें मेरा क्या कुसूर है!
वैसे भी! मुझे रेडियम चुराने की जरूरत नहीं है! मैं जिस प्रोजेक्ट पर काम कर रही हूं उसके लिए मुझे रेडियम यूनिवर्सिटी से खुद दिया जाता है!
प्वाइंट वेल टेकेन!
आप अभी जा सकती हैं, मिस श्वेता! बट रिमेंबर!
यू विल बी अंडर सर्विलेंस! आप पर हमारी नजर रहेगी!
सिक्योरिटी को मुझ पर शक हो रहा है और अपने नाम को इस कलंक से बचाने का एक ही तरीका है!
मुझे चोर का पता लगाना होगा!
... कि वह चोर एक ही शख्स हो सकता है...
हालांकि मॉस्क के अंदर से आवाज घुटी-घुटी आ रही थी, पर उसका डील-डौल, चाल ढाल और चश्मा ये बता रहा है...

डिन-
ये रही मकड़ी जिसे मैंने दलदल से पूरे दो घंटे लगाकर पकड़ा है! ये वही मकड़ी है, जिसने उस सुपर हीरो को काटा है! अब इसको चौबीस घंटों तक मैं इसी गुप्त कॉटेज में रेडियम के रेडिएशन में रखूंगा! और उसके बाद जब ये मुझे काटेगी...
... तो मैं बन जाऊंगा एक सचमुच का हीरो!
अब श्वेता को देखने जाना होगा! मेरी वजह से उस बेचारी को न जाने कितनी चोट लगी होगी!
डिन!
कौन?
अरे, श्वेता तुम!
क्या बात है? बगल से निकले जा रहे हो और हालचाल तक नहीं पूछ रहे!
चश्मा बदल लिया है क्या?

अरे नहीं नहीं!
मैं... बस जरा सा... ख्यालों में खोया हुआ था!
वैसे तुम ठीक तो हो न?
हां! पर तुमने ये सवाल क्यों पूछा?
ऐसे ही! जैसे सभी पूछते हैं!
मुझे पक्का पता है कि इसने दूसरा चश्मा पहन रखा है, और इस चश्मे की पॉवर सही नहीं है! इसीलिए ये मुझे देख नहीं पाया!
मेरे पास कोई ठोस सुबूत नहीं है। कोई ठोस सुबूत ढूंढ़ना होगा! जैसे कि चोरी का माल!
रेडियम!
वैसे तुम कहां जा रही थीं?
तुम्हारे घर! कॉफी पीने!
रियली?
श्योर, व्हाय नॉट!
चलो!
वाऊ! क्या रूम है!
गंदा है न!
नहीं! 'गंदा' भी इससे कम गंदा होता है!
वो वैक्यूम क्लीनर खराब हो गया न!
मैं... मैं कल रूम साफ कर लूंगा! कल आकर देखना!
कॉफी भी कल पिलाओगे क्या?
अरे नहीं! कॉफी तो आज और अभी! मैं अभी अपने मिनी किचेन में गया, और अभी आया!
तू आ! तब तक मैं तेरे रूम की तलाशी लेती हूं!
SUPER HERO LAB

'गामा फाइंडर' से। ये रेडियम के मामूली से रेडिएशन को भी पकड़ सकता है!
और ये मुझे अभी बता देगा कि यहां पर रेडियम...
...कहीं नहीं है!
व्हाट!
श्वेता, कॉफी!
अरे! चली गई!
शायद मेरा रूम सच में काफी गंदा है!
अगर रेडियम डिन ने नहीं चुराया तो किसने चुराया?
डिन से मिलते-जुलते किसी शख्स ने!
नहीं! इसके चांसेज बहुत कम हैं! डिन पर नजर रखनी होगी! क्लास के बाद!
पर क्लासेज तो शाम तक चलनी थी-
और तब तक दुनिया बदल जाने वाली थी-
मुझसे इंतजार नहीं हो रहा है! चौबीस घंटे पूरे होने में अभी चार घंटे बचे हैं! पर अब तक मकड़ी पर रेडिएशन का असर तो हो ही चुका होगा!
सो रही है! यानी असर हो चुका है!
कहीं ये मर तो नहीं...
... इसके पैर हिल रहे हैं!
ये जिन्दा है!
ये जिन्दा है!
ये जिन्दा SSSSSSSS

आऽऽऽऽऽऽ
हाय! डिड यू सी डिन ?
हू इज डिन ?
डिन ? दैट फिलिपीनो।
वो उधर गया था! दो घंटे पहले।
आई थिंक ही हैज गॉन दैट वे!
उस तरफ!

यहां तो कई अनयूज्ड केबिन्स हैं! न जाने डिन इनमें से किसमें होगा!
अगर डिन अपराधी है तो जहां पर डिन होगा वहां पर रेडियम भी होगा! और जहां पर रेडियम होगा वहां पर 'गामा फाइंडर' उसे ढूंढ लेगा!
रेडियम है! यहां रेडियम है!
और उस कॉटेज में है!
रेडियम है! यहीं पर है!
फर्श की धूल पर चलने और गिरने के निशान हैं!
पर डिन यहां नहीं है!
फिर वह कहां है?
वह जरूर अपने रूम पर गया होगा!

मैं वहीं जाकर उसे ढूंढ़ती हूं!
अब तो मेरे दिमाग में एक नया सवाल कुल-बुलाने लगा है!
डिन ने इतना बड़ा रिस्क मोल लेकर रेडियम जैसी चीज क्यों चुराई ?
क्या करना चाहता था वह रेडियम से।
शायद सुपर हीरो बनने के तरीके ढूंढ़ रहा होगा!
हट मेरे रास्ते से!
यू ब्लाइंड स्क्राउंड्रल!
तेरी तो मैं...
अरे! तुम तो रोनिन हो न ?
फिट्ज के दोस्त और डिन के दुश्मन!
फिट्ज गया! मर गया! वो खा गया उसे!
मुझे जाने दो! वर्ना वह मुझे भी नहीं छोड़ेगा!

कौन तुम्हें नहीं छोड़ेगा?
डिन! वह हमसे बदला ले रहा है! मार रहा है हमको!
डिन?
दैट एनीमिक! वो मार रहा है सबको!
मुझे जाने दो!
जाने दो मुझे!
पर रोनिन ज्यादा दूर भाग नहीं पाया-
ईSSSSS
ओ गॉड!

ये तो हद हो गई! डिन एक साधारण चोर से हत्यारा बन गया है!
और वह इनको सिर्फ इसलिए मार रहा है! क्योंकि ये लोग उसकी 'बुलिंग' करते थे!
नाऊ दैट्स लिमिट!
डिन को इसका जवाब देना ही होगा!
पर डिन ये सब कैसे कर पा रहा है? कौन सी शक्ति मिल गई है उसको?
इसी मंजिल से रोनिन नीचे लटका था!
डिन अगर भागा नहीं होगा तो यहीं पर होगा!
FOR RENT
माई गुडनेस!
डिन! ये... ये तुम हो!
ये डिन का नया रूप है श्वेता!
एक नया सुपर हीरो जो दुनिया से बुराई को खत्म करेगा!
रोनिन और फिट्ज जैसी बुराइयों को!
और वह तुम्हारे सामने है!
स्पाइडर!
वे बुरे नहीं थे! शरारती थे! उदंड थे! उनकी 'बुलिंग' की वजह से तुमने उनको मार डाला?
'बुलिंग' एक महाअपराध है!
दूसरों को बल से डराने धमकाने से उन पर क्या गुजरती है ये मैं जानता हूं!

अब ये सब तुम पुलिस को बताना!
फिर वे तुमको 'बुलिंग' का सही मतलब समझाएंगे!
यानी तुम पुलिस को बुलाओगी! पुलिस को एक सुपर हीरो के खिलाफ भड़काओगी!
हां!
ये तुम गलत काम करोगी!
और जो गलत काम करेगा...
...स्पाइडर उसे सजा देगा!
मौत की सजा!
अगली कड़ी
वेबमास्टर
42